# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 10.09.2026** **समय : 1905**

1. प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम पूरी मानवता के हित में, 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने का लक्ष्य।
2. वाणिज्य मामलों के संसदीय स्थायी समिति कल से द्वीप समूह के चार दिवसीय दौरे पर, राजधानी श्री विजयपुरम् और स्वराज द्वीप में अधिकारियों व हितधारकों के साथ होगी बैठक।
3. अंडमान–निकोबार द्वीप समूह के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण में नई तकनीक का उपयोग, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण को मिला परम शावक सुपर कंप्यूटिंग सिस्टम।
4. स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान का पाँचवाँ संस्करण 12 सितंबर से देशभर के साथ द्वीपसमूह में होंगे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और टिकाऊ बनाए रखने के पक्ष में है। श्री मोदी आज पेरिस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक आंकड़ों का उपयोग पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ पूरी मानवता के हित में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष सदियों से मानव की कल्पना को प्रेरित करता रहा है और आज जलवायु, कृषि, महासागर तथा समुदायों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि चंद्रयान–3 के जरिए भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरने वाला पहला देश बना, जबकि आदित्य–एल1 मिशन सूर्य के रहस्यों को समझने में मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष एक भारतीय ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा की। भारत कालक्ष्य 2035 तक अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना और 2040 तक एक भारतीय को चंद्रमा पर भेजना है।

<><><><><><><>

वाणिज्य संबंधी विभाग से जुड़ी संसदीय स्थायी समिति कल से 12 सितंबर तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के दौरे पर रहेगी। समिति इस दौरान राजधानी श्री विजयपुरम् और स्वराज द्वीप का दौरा करेगी। दौरे के दौरान समिति वाणिज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ बैठक करेगी तथा स्थानीय परिस्थितियों की जानकारी लेगी।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में विकास को तेज करने के लिए पूरे सरकारी तंत्र और समाज की भागीदारी का दृष्टिकोण अपनाया है। डॉ. सिंह ने आज नई दिल्ली में इमर्जिंग साइंस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन कॉन्क्लेव 2026 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में स्टार्टअप, वैज्ञानिक, उद्योग, उद्यमी और नीति–निर्माता एक मंच पर आएंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि विज्ञान अब केवल वैज्ञानिकों तक सीमित नहीं रह सकता। वैज्ञानिक अनुसंधान को सफल, टिकाऊ और व्यावसायिक रूप से उपयोगी बनाने के लिए संचार, प्रबंधन और बाजार से जुड़ी विशेषज्ञता भी जरूरी है। तीन दिन का यह सम्मेलन 27 से 29 अक्टूबर तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय सुपर कंप्यूटिंग मिशन के तहत भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के अंडमान निकोबार क्षेत्रीय केंद्र, श्री विजयपुरम को 'परम शावक' उच्च क्षमता वाला कंप्यूटिंग सिस्टम प्रदान किया गया है। वर्ष 2015 में शुरू किया गया यह मिशन भारत सरकार की प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य नेशनल नॉलेज नेटवर्क के जरिए तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करना और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान तथा विकास को बढ़ावा देना है। इस सिस्टम के जरिए उन्नत कंप्यूटिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, शिक्षा, अनुसंधान, कौशल विकास और नवाचार के क्षेत्र में संस्थागत क्षमताएं मजबूत होंगी। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण इस कंप्यूटिंग सुविधा का उपयोग अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के लिए करेगा। इसके तहत आठ सौ छत्तीस द्वीपों में फैली हजारों पशु और समुद्री प्रजातियों की पहचान, निगरानी और सूची तैयार की जाएगी। साथ ही जलवायु परिवर्तन और समुद्र के बढ़ते तापमान का मूंगा चट्टानों तथा समुद्री जीव–जंतुओं पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा। डी एन ए बारकोडिंग के जरिए नई और लुप्तप्राय प्रजातियों की पहचान के लिए बड़े पैमाने पर आनुवंशिक आंकड़ों का विश्लेषण भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

स्वच्छ सागर, सुरक्षित सागर अभियान का पाँचवाँ संस्करण 12 से 19 सितंबर तक देशभर में आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य समुद्र और तटीय क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा समुद्री पर्यावरण के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। अभियान का शुभारंभ एक सितंबर को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार, डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया। अभियान के दौरान तटीय क्षेत्रों में साइकिल रैली, मैराथन, मानव श्रृंखला, समुद्र तटों की सफाई और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 सितंबर को विद्यार्थियों और युवाओं के लिए पहली राष्ट्रीय महासागर ज्ञान प्रतियोगिता होगी। अभियान के अंतिम दिन, 19 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय तटीय स्वच्छता दिवस के अवसर पर देशभर में 100 से अधिक स्थानों पर समुद्र तटों की सफाई की जाएगी।

<><><><><><>

विद्युत विभाग के अनुसार 12 सितंबर को सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक एस बी एफ जी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत लाइनों की सफाई और झाड़ियों की कटाई–छंटाई तथा कम वोल्टेज की ए बी सी केबल बदलने के काम के कारण यह बिजली कटौती की जाएगी। इससे कमसरत बांध, कड़ाकाचांग–1, कड़ाकाचांग–दो, मॉडल विलेज, पड़ाक बगीचा, मन्नारघाट, मालापुरम, राइटम्यो, शोल बे पंचायत क्षेत्र, फरारगंज साइट कार्यालय और कन्यापुरम् प्रभावित होंगे। विभाग ने कहा है कि काम मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा और कार्य समय से पहले पूरा होने पर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

<><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 27 सितम्बर को 'पर्यटन को नया रूप देने में डिजिटल तकनीक और AI की भूमिका' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर चाथम सॉ मिल, समुद्रिका संग्रहालय, मानव विज्ञान संग्रहालय, मत्स्य संग्रहालय और सेल्यूलर जेल संग्रहालय पर्यटकों और आम लोगों के लिए खुले रहेंगे। इन सभी स्थानों पर प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

<><><><><><>

दूरदर्शन केन्द्र श्री विजयपुरम कल शाम साढ़े पाँच बजे लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'हैलो डॉक्टर' का प्रसारण करेगा। कार्यक्रम में हृदय रोग और उसके उपचार के बारे में जानकारी दी जाएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ओमकार सिंह हृदय से जुड़ी बीमारियों और उनके इलाज केबारे में बताएंगे। श्रोता 245–662 और 244–745 नंबरों पर फोन कर अपने सवाल पूछ सकते हैं।

<><><><><><>

एम.वी स्वराजद्वीप जहाज 12 सितंबर को सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। यात्रियों के जहाज पर सवार होने की प्रक्रिया सुबह 7 से 9 बजे तक चलेगी और निर्धारित समय से एक घंटे पहले बंद हो जाएगी। देर से पहुंचने वाले यात्रियों को जहाज पर सवार होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतिरिक्त सामान और माल की लदाई 11 सितंबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक होगी। इसके लिए पहले से बुकिंग कराना जरूरी है। यात्रियों से समय पर पहुंचने की अपील की गई है।

<><><><><><>

मालवाहक जहाज एम.वी. चुगलम 16 सितंबर को शाम चार बजे हैड्डो जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, टेरेसा, कछाल और ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा। जहाज संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने और चढ़ाने के बाद श्री विजयपुरम के लिए वापस रवाना होगा। इस यात्रा के लिए माल बुकिंग कल से सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक शुरू होगी। माल चढ़ाने का काम 13 सितंबर से शुरू किया जाएगा।

<><><><><><>

फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिनी मैराथन 2026 का आयोजन किया जाएगा। खेल और युवा मामले निदेशालय, शिक्षा निदेशालय और पर्यटन निदेशालय के सहयोग से यह 10 किलोमीटर की दौड़ आयोजित करेगा। मिनी मैराथन 12 सितंबर को सुबह 6 बजे चुन्नाभट्टा से नॉर्थ बे बीच तक और वहां से वापस होगी।

<><><><><><>